# INTELLIGENCE BUREAU

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 30/09/2025 |
| Test Time | 2:30 PM - 3:30 PM |
| Post Name | SECURITY ASSISTANT/EXECUTIVE |

**Q.1** समुद्री अभ्यास 'मालाबार 2025' में भारत और किन अन्य देशों ने भाग लिया?

Ans A). अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया B). इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस C). रूस, वियतनाम, श्रीलंका D). यूके, फ्रांस, कनाडा

Correct Answer: A

**Q.2** छऊ नृत्य प्रदर्शन का प्रमुख उद्देश्य क्या है?

Ans A). धार्मिक शिक्षाओं का प्रसार B). राजपरिवारों का मनोरंजन C). देवताओं की पूजा D). पौराणिक और लोककथाओं का अभिनय

Correct Answer: D

**Q.3** भारतीय शास्त्रीय संगीत के संदर्भ में उपयोग किया जाने वाला तत वाद्य (Tata Vadya) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). तार वाद्य (String instrument) B). ठोस वाद्य (Solid instrument) C). सुषिर वाद्य (Wind instrument) D). आघात वाद्य (Percussion instrument)

Correct Answer: A

**Q.4** 2025 में उत्तर प्रदेश ने नवरात्रि के दौरान महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें महिला पुलिस, एंटी-रोमियो स्क्वॉड और पब्लिक आउटरीच की तैनाती शामिल है?

Ans A). नारी सुरक्षा अभियान B). शक्ति वाहिनी C). मिशन शक्ति 5.0 D). पिंक ऑटो यात्रा

Correct Answer: C

**Q.5** आर्थिक सर्वेक्षण, 2024-25 के अनुसार, राजकोषीय वर्ष 2025-26 में भारत के लिए अनुमानित वास्तविक GDP वृद्धि दर कितनी है?

Ans A). 7.0% से 7.2% B). 5.8% से 5.9% C). 7.5% से 7.8% D). 6.3% से 6.8%

Correct Answer: D

**Q.6** नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 (World Para Athletics Grand Prix 2025) में कौन-सा देश पदक तालिका में शीर्ष पर रहा?

Ans A). दक्षिण अफ्रीका B). इटली C). भारत D). फ्रांस

Correct Answer: C

**Q.7** द्रव्य तरंगों (material waves) के अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है?

Ans A). एक उच्च आवृत्ति स्रोत B). एक ऐसा माध्यम जिसमें कणों के बीच कोई बल न हो C). निर्वात D). माध्यम में निकटतम कणों के बीच बल

Correct Answer: D

**Q.8** 10 सितंबर 2025 को किस संगठन समूह ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (Small Satellite Launch Vehicle) प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर हस्ताक्षर किए?

Ans A). NSIL और टाटा एडवांस्ड सिस्टम B). NSIL, ISRO, IN-SPACe और HAL C). केवल ISRO और DRDO D). ISRO और लार्सन & टुब्रो

Correct Answer: B

**Q.9** 2025 में, उत्तर प्रदेश ने किस मौजूदा कानून को बदलकर गैर-सरकारी संगठनों (NGO) के विनियमन को आधुनिक बनाने की योजना की घोषणा की?

Ans A). सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1911 B). चैरिटेबल ट्रस्ट अधिनियम, 1950 C). सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 D). भारतीय न्यास अधिनियम, 1882

Correct Answer: C

**Q.10** **सितंबर 2025 में भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में चुने जाने से पहले, सी.पी. राधाकृष्णन किस भारतीय राज्य के राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे?**

Ans A). तमिलनाडु B). महाराष्ट्र C). केरल D). अरुणाचल प्रदेश

Correct Answer: B

**Q.11** **जैसा कि वर्णित है, क्योटो प्रोटोकॉल (1997) के डिजाइन में, विकासशील देशों को/ने _________।**

Ans A). पहली प्रतिबद्धता अवधि में अर्थव्यवस्था-व्यापी बाध्यकारी कटौती का सामना करना पड़ा

B). OECD अनुसूचियों के अनुरूप एक समान कार्बन करों को स्वीकार किया था C). प्रति व्यक्ति कम उत्सर्जन के कारण बाध्यकारी सीमाओं से छूट दी गई थी

D). केवल विमानन और शिपिंग क्षेत्र में कटौती के लिए बाध्य थे

Correct Answer: C

**Q.12** **किस भारतीय स्केटर ने सितंबर 2025 में चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में देश का पहला स्वर्ण पदक हासिल करके इतिहास रचा?**

Ans A). कार्तिका जगदीश्वरन (Karthika Jagadeeshwaran) B). अनूप कुमार यम (Anup Kumar Yama) C). अब्रीशा श्रीवास्तव (Abrysha Srivastava)

D). आनंदकुमार वेलकुमार (Anandkumar Velkumar)

Correct Answer: D

**Q.13** **जुलाई 2025 में, किस संगठन/संस्थान ने 'रसायन उद्योग: वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भागीदारी को सशक्त बनाना' शीर्षक से रिपोर्ट प्रकाशित की, जो भारत के रासायनिक क्षेत्र का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है?**

Ans A). नीति आयोग B). नीति अनुसंधान केंद्र C). ऊर्जा और संसाधन संस्थान D). IIT दिल्ली

Correct Answer: A

**Q.14** **'क्रमिक पुस्तक मालिका (Kramik Pustak Malika)' नामक छह भागों वाली पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं, जो हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत रचना, स्वरांकन और राग वर्गीकरण का प्रमाण प्रस्तुत करती है?**

Ans A). पंडित विष्णु नारायण भातखंडे B). सौरिंद्र मोहन टैगोर C). नवनीथम पद्मनाभा शेषाद्री D). काशीनाथ शास्त्री अप्पा तुलसी

Correct Answer: A

**Q.15** **'नेवर नेवर लैंड (Never Never Land)', जिसने ऑटहर अवार्ड्स, 2025 में सर्वश्रेष्ठ लेखक फिक्शन (Best Author Fiction) का पुरस्कार जीता, निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखी गई है?**

Ans A). दिवसरगुन कौर B). अल्पा शाह C). नमिता गोखले D). अंदलीब वाजिद

Correct Answer: C

**Q.16** **संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री 2025 भारत और किस देश के बीच किया गया?**

Ans A). श्रीलंका B). इंडोनेशिया C). म्यांमार D). थाईलैंड

Correct Answer: D

**Q.17** **निम्नलिखित में से कौन-सी भारत में एक पारंपरिक प्रथा है जिसे जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास दोनों को बढ़ावा देने के लिए मान्यता प्राप्त है?**

Ans A). कृषि क्षेत्रों में ड्रिप सिंचाई B). पहाड़ी ढलानों पर सीढ़ीनुमा खेती C). समुदायों द्वारा संरक्षित पवित्र उपवन D). ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन

Correct Answer: C

**Q.18** **मेंडेलीव ने एल्युमीनियम के नीचे एक रिक्त स्थान छोड़ा और अनुमानित तत्व का नाम ________ रखा।**

Ans A). प्रोटो-ऐल्युमिनियम (Proto-Aluminium) B). नियो-ऐल्युमिनियम (Neo-Aluminium) C). स्यूडो-ऐल्युमिनियम (Pseudo-Aluminium)

D). एका-ऐल्युमिनियम (Eka-Aluminium)

Correct Answer: D

**Q.19** **सितंबर 2025 तक की स्थिति के अनुसार, केरल के मुख्यमंत्री कौन हैं?**

Ans A). पिनाराई विजयन B). के. राजन C). रोशी ऑगस्टीन D). के. कृष्णनकुट्टी

Correct Answer: A

**Q.20** **2025 में पारित किस विधान ने, भारतीय खेल निकायों में शासन, नैतिकता और विवाद समाधान के लिए एक वैधानिक ढांचा पेश किया?**

Ans A). नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट, 2025 (National Sports Governance Act, 2025)

B). इंडिया स्पोर्ट्स रिफॉर्म एक्ट, 2025 (Indian Sports Reform Act, 2025) C). स्पोर्ट्स रेगुलेशन एक्ट, 2025 (Sports Regulation Act, 2025)

D). स्पोर्ट्स कोड एक्ट, 2025 (Sports Code Act, 2025)

Correct Answer: A

**Q.1** **जल संकट के कारण, प्रारंभिक जनसंख्या के 40% लोग शहर छोड़कर चले गए, और शेष जनसंख्या के 30% लोग नौकरी की तलाश में शहर छोड़कर चले गए। यदि वर्तमान में शहर में 3360 लोग रहते हैं, तो प्रारंभिक जनसंख्या और वर्तमान जनसंख्या का अनुपात कितना है?**

Ans A). 50 : 21 B). 60 : 37 C). 52 : 27 D). 55 : 27

Correct Answer: A

**Q.2** 190 मीटर और 250 मीटर लंबी दो ट्रेनें समांतर पटरियों पर विपरीत दिशाओं में यात्रा कर रही हैं। यदि उनकी चाल क्रमशः 54 km/hr और 45 km/hr है, तो उन्हें एक-दूसरे को पूरी तरह से पार करने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 16 सेकंड B). 15 सेकंड C). 18 सेकंड D). 20 सेकंड

**Correct Answer: A**

---

**Q.3** एक पंसारी को क्रमशः ₹249 और ₹103 प्रति kg मूल्य वाले चावल की दो किस्मों को किस अनुपात में मिलाना चाहिए, ताकि प्राप्त चावल का मिश्रण ₹193 प्रति kg मूल्य का हो जाए?

**Ans** A). 45 : 28 B). 26 : 90 C). 38 : 50 D). 30 : 46

**Correct Answer: A**

---

**Q.4** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

(−18) × (−6) + 22 ÷ 11

**Ans** A). 110 B). 107 C). 105 D). 112

**Correct Answer: A**

---

**Q.5** यदि किसी घन का आयतन 1000 $m^3$ है, तो घन का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल $m^2$ में ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 400 B). 390 C). 600 D). 394

**Correct Answer: A**

---

**Q.6** एक व्यक्ति ने एक वस्तु को उसके अंकित मूल्य ₹550 पर दो क्रमिक छूट देने के बाद ₹275 में बेचा। पहली छूट अंकित मूल्य का d% थी और दूसरी छूट रुपए में पहली छूट की राशि के बराबर थी। d का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 28 B). 27 C). 25 D). 24

**Correct Answer: C**

---

**Q.7** एक व्यापारी 250 वस्तुएं, प्रत्येक समान मूल्य पर, खरीदता है। वह उनमें से 60% को 40% लाभ पर, $\frac{1}{5}$ को 25% हानि पर और शेष वस्तुओं को 5 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर हानि पर बेचता है। पूरे लेन-देन में उसका लाभ/हानि प्रतिशत कितना है?

**Ans** A). लाभ, 17% B). हानि, 18% C). लाभ, 20% D). हानि, 15%

**Correct Answer: A**

---

**Q.8** एक जलाशय में तीन पाइप P, Q और R हैं। जब पाइप P और Q को एक साथ खोला जाता है, तो वे खाली जलाशय को 12 घंटे में भर सकते हैं। जब पाइप Q और R को एक साथ खोला जाता है, तो वे खाली जलाशय को 16 घंटे में भर सकते है। यदि पाइप P, पाइप R की तुलना में तीन गुना तेजी से जलाशय को भर सकता है, तो तीनों पाइपों को एक साथ चालू करने पर पूरी तरह खाली जलाशय को भरने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 10 घंटे 40 मिनट B). 12 घंटे 20 मिनट C). 9 घंटे 30 मिनट D). 8 घंटे 10 मिनट

**Correct Answer: A**

---

**Q.9** किसी व्यक्ति की मासिक आय ₹90,000 थी और उसका मासिक व्यय ₹50,000 था। अगले वर्ष, उसकी आय में 20% की वृद्धि हुई तथा उसके व्यय में 10% की वृद्धि हुई। उसकी बचत में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 33.5% B). 34.5% C). 31.5% D). 32.5%

**Correct Answer: D**

---

**Q.10** दो धनात्मक संख्याओं के योग और उनके अंतर का अनुपात 4 : 3 है। यदि संख्याओं का गुणनफल 112 है, तो बड़ी संख्या क्या है?

**Ans** A). 28 B). 27 C). 22 D). 25

**Correct Answer: A**

---

**Q.11** 21cm त्रिज्या वाले ठोस धात्विक गोले को पिघलाकर 3cm त्रिज्या वाली छोटी गोलाकार गेंदों में ढाला जाता है। ऐसी कितनी छोटी गेंदें बनाई जा सकती हैं?

**Ans** A). 216 B). 343 C). 301 D). 208

**Correct Answer: B**

---

**Q.12** किसी नाव की धारा के विपरीत प्रभावी चाल 30.4 km/hr और धारा के अनुदिश प्रभावी चाल 41.6 km/hr है। धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 4.6 km/hr B). 5.6 km/hr C). 6.6 km/hr D). 7.6 km/hr

**Correct Answer: B**

---

**Q.13** एक पाइप एक टैंक को 9 घंटे में भर सकता है। एक अन्य पाइप भरे हुए टैंक को 90 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोला जाए, तो टैंक को आधा भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 5 B). 6 C). 10 D). 11

**Correct Answer: A**

Q.14 एक विश्वविद्यालय की किताबों की दुकान में सेल के दौरान, एक संदर्भ पाठ्यपुस्तक पर उसकी मूल कीमत पर 10% की छूट मिलती है, और उसके बाद कम कीमत पर 15% की अतिरिक्त छूट मिलती है। वह समतुल्य एकल छूट प्रतिशत क्या होगा जिससे अंतिम कीमत समान रहेगी?

Ans A). 22.5% B). 25.5% C). 23.5% D). 24%

Correct Answer: C

Q.15 एक लम्बवृत्तीय शंकु की त्रिज्या और ऊँचाई का अनुपात 8 : 15 है और इसका आयतन 8038.4 $cm^3$ है। इसके वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल को ₹25 प्रति 100 $cm^2$ की दर से पॉलिश करने की लागत ज्ञात कीजिए ( $\pi = 3.14$ का उपयोग कीजिए।)

Ans A). ₹405.24 B). ₹412.18 C). ₹427.04 D). ₹420.75

Correct Answer: C

Q.16 उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए, जिसे 300 m और 105 m विमाओं वाले एक आयत में अंतर्निहित (inscribed) किया जा सकता है। ( $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans A). 328 B). 334 C). 330 D). 323

Correct Answer: C

Q.17 एक विनिर्माता, थोक-विक्रेता को 40% लाभ पर एक उत्पाद बेचता है। थोक-विक्रेता, इसे खुदरा-विक्रेता को 25% लाभ पर बेचता है, और खुदरा-विक्रेता इसे ग्राहक को 44% लाभ पर बेचता है। यदि ग्राहक ₹189 का भुगतान करता है, तो विनिर्माता के लिए लागत मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 72 B). 75 C). 74 D). 77

Correct Answer: B

Q.18 दो संख्याओं 158 और 4740 का महत्तम समापवर्तक (HCF), 158 है। दोनों संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2340 B). 4940 C). 4740 D). 790

Correct Answer: C

Q.19 प्रवीण और हेमंत मिलकर एक व्यवसाय शुरू करते हैं। प्रवीण 5 महीने के लिए हेमंत से ₹88,000 अधिक निवेश करता है, जबकि हेमंत 6 महीने के लिए निवेश करता है। कुल ₹7,632 के लाभ में, प्रवीण का हिस्सा हेमंत के हिस्से से ₹1,908 अधिक है। प्रवीण द्वारा निवेश की गई राशि ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹1,76,110 B). ₹1,75,940 C). ₹1,76,000 D). ₹1,76,034

Correct Answer: C

Q.20 एक विक्रेता दो प्रकार के गेहूंओं, जिनमें से एक की कीमत ₹70 प्रति kg और दूसरे की कीमत ₹125 प्रति kg है, को मिश्रित कर ₹108 प्रति kg वाला मिश्रण तैयार करता है। उसने दोनों प्रकार गेहूंओं को किस अनुपात में मिलाया है?

Ans A). 17 : 41 B). 23 : 41 C). 17 : 38 D). 23 : 38

Correct Answer: C

Q.1 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन है। Q के पहले किसी की भी परीक्षा नहीं है। Q और V के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। V और P के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। U की परीक्षा बुधवार को है। T की परीक्षा, S की परीक्षा के बाद किसी दिन लेकिन R की परीक्षा के पहले किसी दिन है। R और U के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans A). दो B). चार C). एक D). तीन

Correct Answer: A

Q.2 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans A). MQ - JM B). TE - PB C). KS - HO D). XB - UX

Correct Answer: B

Q.3 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

9, 85
8, 68

Ans A). 11, 125 B). 7, 49 C). 10, 100 D). 12, 144

Correct Answer: A

**Q.4** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**कुछ वृक्ष, गाय हैं।**
**सभी गाय, मछलियाँ हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कुछ वृक्ष, मछलियाँ हैं।**
**(II) सभी मछलियाँ, गाय हैं।**

**Ans** A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: D**

---

**Q.5** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**कथन:**
**सभी सब्जियाँ, नींबू हैं।**
**सभी फल, नींबू हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I): कुछ सब्जियाँ, फल हैं।**
**(II): कुछ नींबू, फल हैं।**

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: D**

---

**Q.6** P, Q, R, S, T, U और V उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। Q के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S और V के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U, P के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। T, S का निकटतम पड़ोसी नहीं है। U और V के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 4 B). 3 C). 2 D). 1

**Correct Answer: B**

---

**Q.7** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**11 17 32 58 93 139 ?**

**Ans** A). 194 B). 196 C). 214 D). 204

**Correct Answer: A**

---

**Q.8** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**6 9 21 39 81 ?**

**Ans** A). 157 B). 159 C). 160 D). 158

**Correct Answer: B**

---

**Q.9** एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'C + V × R ÷ N – M' है, तो C का M से क्या संबंध है?

**Ans** A). माता B). बहन C). पत्नी D). पुत्री

**Correct Answer: B**

---

**Q.10** छह व्यक्ति, M, N, O, P, X और Y, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। Y और O के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। P, O के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। N, X के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। उनमें से M के ठीक बाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

**Ans** A). P B). Y C). X D). O

**Correct Answer: D**

**Q.11** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। U की परीक्षा बुधवार को है। P और V के बीच केवल 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा सोमवार को नहीं है। Q की परीक्षा R से ठीक पहले है और S की परीक्षा R के ठीक बाद है। T की परीक्षा P से ठीक पहले है। U और V के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans** A). 1 | B). 3 | C). 2 | D). 4

**Correct Answer: B**

---

**Q.12** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). KB-EJ | B). MD-GK | C). OF-IM | D). QH-KO

**Correct Answer: A**

---

**Q.13** एक निश्चित कूट भाषा में, 'GREAT' को '42571' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, 'FRESH' को '37648' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FLASH' को '68953' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'L' के लिए क्या कूट है?

**Ans** A). 5 | B). 8 | C). 6 | D). 9

**Correct Answer: D**

---

**Q.14** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

21 B 4 D 72 A 8 C 7 = ?

**Ans** A). 68 | B). 63 | C). 78 | D). 82

**Correct Answer: D**

---

**Q.15** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।

(बाएं) R L Z T @ $ O D U %W N # * K X V £ Y A & Q P S (दाएं )

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक अन्य प्रतीक है?

**Ans** A). चार | B). पांच | C). छह | D). तीन

**Correct Answer: B**

---

**Q.16** एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
और A & B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

यदि 'B # F + R @ H & W' है, तो B का W से क्या संबंध है?

**Ans** A). पिता | B). पुत्र | C). भाई | D). भाई की पुत्री

**Correct Answer: D**

---

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'we are here' को 'yt bg ji' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'you know we' को 'kl bg gb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'we' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

**Ans** A). yt | B). ji | C). bg | D). gb

**Correct Answer: C**

---

**Q.18** विशाल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 1 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएँ मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा की ओर ड्राइव करनी चाहिए?

(जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

**Ans** A). 4 km; दक्षिण | B). 5 km; दक्षिण | C). 2 km; दक्षिण | D). 3 km; दक्षिण

**Correct Answer: A**

---

**Q.19** दी गई अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) C C Q O I S J S M X H U V Q R H D P C H Y (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनके ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

**Ans** A). दो | B). एक | C). तीन | D). एक भी नहीं

**Correct Answer: D**

Q.20 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

YGB : WJX
NAI : LDE

Ans A). REM : PHI | B). JQV : GTS | C). KOC : IQA | D). SLH : QND

Correct Answer: A

---

Q.1 Select the correctly punctuated version of the phrase to fill in the blank and complete the given sentence.

'spent our holiday in France it was very crowded'

Rahim, Rajam and I ________________________.

Ans A). spent our holiday in France it was very crowded.
B). spent our holiday in France; it was very crowded.
C). spent our holiday in France: it was very crowded.
D). spent our holiday, in France, it was very crowded.

Correct Answer: B

---

Q.2 Select the most appropriate meaning of the given proverb.

The proof of the pudding is in the eating.

Ans A). Don't assume success before it actually happens.
B). The quality of something can be judged after you have tried it.
C). The most noticeable or loudest problems get attention.
D). Time feels longer when you're waiting for something to happen.

Correct Answer: B

---

Q.3 Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.

A loud and boisterous laugh, often one that is unrestrained or hearty

Ans A). Guffaw | B). Snicker | C). Chuckle | D). Giggle

Correct Answer: A

---

Q.4 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans A). Reprimand | B). Gourmund | C). Apprehend | D). Forewarned

Correct Answer: B

---

Q.5 Select the most appropriate article to fill in the blank. If no article is needed, select 'No article required'.

Raveena's plane landed on time, and she collected her luggage from ____________ handler quicky.

Ans A). a | B). the | C). an | D). No article required

Correct Answer: B

---

Q.6 Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.

To examine or analyse something (such as a metal or an idea) to determine its quality, nature, or components

Ans A). Assist | B). Assay | C). Argue | D). Assert

Correct Answer: B

---

Q.7 Select the option that correctly punctuates the given sentence.

I visited Delhi Mumbai and Kolkata last summer.

Ans A). I visited: Delhi Mumbai and Kolkata, last summer.
B). I visited- Delhi Mumbai and Kolkata, last summer.
C). I visited, Delhi Mumbai and Kolkata last summer.
D). I visited Delhi, Mumbai and Kolkata last summer.

Correct Answer: D

---

Q.8 Select the most appropriate option to fill in the blank.

The detective remained suspicious of the suspect's alibi, as it was inconsistent _____ the evidence.

Ans A). of | B). with | C). in | D). to

Correct Answer: B

---

Q.9 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans A). Ambitous | B). Vitality | C). Enigma | D). Fragrance

Correct Answer: A

**Q.10** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Be a killjoy**

**Ans** A). A positive aspect or hope in an otherwise bad situation. B). Something that is contrary to someone's natural feelings, beliefs, or habits. C). Someone who spoils the fun or dampens others' enthusiasm. D). A difficult problem or a person who is hard to understand or deal with.

**Correct Answer: C**

**Q.11** **Select the most appropriate synonym of the highlighted word in the given sentence.**

**After weeks of healthy eating, I had a serious hankering for a juicy burger and fries.**

**Ans** A). ambivalence B). complacency C). aversion D). craving

**Correct Answer: C**

**Q.12** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**This is the ________ snowstorm that I have seen in the last ten years.**

**Ans** A). better B). good C). worst D). easier

**Correct Answer: C**

**Q.13** **Sentences of a paragraph are given below. While the first and the last sentences (1 and 6) are in the correct order, the sentences in between are jumbled up. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**

**1. Imagine that you are a fly.**
**A) And then you see a nice pink leaf.**
**B) You think to yourself in your fly head.**
**C) You are just zipping around the sky, looking for a place to rest.**
**D) That looks like a nice place to land.**
**6. As you rest your feet on the leaf, you notice something strange.**

**Ans** A). ABDC B). DCAB C). BDCA D). CADB

**Correct Answer: D**

**Q.14** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**The company's decision to downsize was intended to increase profitability.**

**Ans** A). Enhance B). Overlap C). Reduce D). Amplify

**Correct Answer: C**

**Q.15** **Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**
**A. This coastal city is built on a scenic mix of islands, reclaimed land and natural beauty.**
**B. Helsinki, where many trips begin or end, offers a glimpse into Finland's national contentment.**
**C. The joy from this freedom and nature access aligns with the UN's happiness measures like longevity, liberty and well-being.**
**D. Visitors can easily rent a bike and explore forest trails or seaside routes across the city.**

**Ans** A). BDCA B). DACB C). BADC D). CBDA

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Imagine a world without books, newspapers, magazines and all the other printed material we take (1) ________ granted today. People (2) ___________ none of these things (3) _____________Johann Gutenberg of Strasbourg invented the printing press. The Gutenberg Press (4) ___________ the first printing press of Europe. It was invented (5) _______________ Johannes Gutenberg. He grew up in a large agricultural estate and had knowledge and experience in operating olive and wine presses.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). to B). so C). as D). for

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Imagine a world without books, newspapers, magazines and all the other printed material we take (1) ________ granted today. People (2) ___________ none of these things (3) _____________Johann Gutenberg of Strasbourg invented the printing press. The Gutenberg Press (4) ___________ the first printing press of Europe. It was invented (5) _______________ Johannes Gutenberg. He grew up in a large agricultural estate and had knowledge and experience in operating olive and wine presses.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). had B). at C). in D). from

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Imagine a world without books, newspapers, magazines and all the other printed material we take (1) ________ granted today. People (2) ___________ none of these things (3) _____________Johann Gutenberg of Strasbourg invented the printing press. The Gutenberg Press (4) ___________ the first printing press of Europe. It was invented (5) _______________ Johannes Gutenberg. He grew up in a large agricultural estate and had knowledge and experience in operating olive and wine presses.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). have B). till C). during D). while

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Imagine a world without books, newspapers, magazines and all the other printed material we take (1) ________ granted today. People (2) ___________ none of these things (3) _____________Johann Gutenberg of Strasbourg invented the printing press. The Gutenberg Press (4) ___________ the first printing press of Europe. It was invented (5) _______________ Johannes Gutenberg. He grew up in a large agricultural estate and had knowledge and experience in operating olive and wine presses.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). for B). was C). had D). to

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Imagine a world without books, newspapers, magazines and all the other printed material we take (1) ________ granted today. People (2) ___________ none of these things (3) _____________Johann Gutenberg of Strasbourg invented the printing press. The Gutenberg Press (4) ___________ the first printing press of Europe. It was invented (5) _______________ Johannes Gutenberg. He grew up in a large agricultural estate and had knowledge and experience in operating olive and wine presses.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). before B). by C). after D). if

**Correct Answer: B**

**Q.1** **बारहवीं शताब्दी तक, चेरो सरदारी क्षेत्रों (Chero chiefdoms) का किन वर्तमान राज्य क्षेत्रों में उदय हुआ था?**

**Ans** A). बिहार और झारखंड B). राजस्थान और हरियाणा C). ओडिशा और पश्चिम बंगाल D). गुजरात और महाराष्ट्र

**Correct Answer: A**

**Q.2** **भारत में बैंकिंग प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही कथन की पहचान कीजिए।**
**यूनिट बैंकिंग वह है जहाँ परिचालन एक ही कार्यालय के माध्यम से किया जाता है।**
**श्रृंखला बैंकिंग वह है जहाँ बैंकों को एक ही व्यक्ति या समूह द्वारा नियंत्रित किया जाता है।**
**शाखा बैंकिंग वह है जहाँ केवल एक ही कार्यालय कार्यरत होता है।**

**Ans** A). i, ii और iii B). केवल i और ii C). केवल iii D). केवल i

**Correct Answer: B**

**Q.3** भारतीय कृषि पद्धति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी मिट्टी बाजरे की खेती के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होती है?

Ans A). कच्छ के रण की लवणीय मिट्टी B). हैवी क्ले और पीटमय मिट्टी C). तटीय कर्नाटक की लैटेराइट मिट्टी D). बलुई मिट्टी और उथली काली मिट्टी

Correct Answer: D

**Q.4** भारत के किस भाग में अत्यधिक गर्म दिन, ठंडी रात और बहुत कम वर्षा वाली शुष्क जलवायु है?

Ans A). थार मरुस्थल B). मध्य दक्कन पठार C). पूर्वी भारत D). उत्तरी मैदान

Correct Answer: A

**Q.5** किस गुप्त शासक को उसके व्यापक विजय अभियानों के लिए 'भारत का नेपोलियन' कहा जाता है?

Ans A). चंद्रगुप्त द्वितीय B). चंद्रगुप्त प्रथम C). समुद्रगुप्त D). स्कंदगुप्त

Correct Answer: C

**Q.6** 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारत में कितने केंद्र शासित प्रदेश हैं, और भारत के संविधान के अनुसार उनमें से कितने में विधान सभा है?

Ans A). 8 केंद्र शासित प्रदेश, विधान सभा वाले 3 B). 8 केंद्र शासित प्रदेश, विधान सभा वाले 2 C). 9 केंद्र शासित प्रदेश, विधान सभा वाले 3 D). 9 केंद्र शासित प्रदेश, विधान सभा वाले 2

Correct Answer: A

**Q.7** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में हुई थी और यह पहले के क्षेत्रीय राजनीतिक संगठनों से किस प्रकार भिन्न थी?

Ans A). इसे अंग्रेजों द्वारा भारत में अपने कल्याण के लिए विशेष रूप से स्थापित किया गया

B). इसने केवल आर्थिक सुधारों पर ध्यान केन्द्रित किया और इस प्रकार समाज के गरीब वर्ग की मदद की

C). इसने सम्पूर्ण राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाला एक साझा राजनीतिक मंच बनाने का प्रयास किया

D). इसने केवल लोगों और समुदायों की स्थानीय शिकायतों की वकालत की

Correct Answer: C

**Q.8** 1947 से 1991 तक की लाइसेंस राज अवधि के दौरान भारत की औद्योगिक नीति की महत्वपूर्ण विशेषता क्या थी?

Ans A). उद्योग में प्रवेश और उत्पादन पर व्यापक सरकारी नियंत्रण B). अबाधित विदेशी निवेश C). औद्योगिक लाइसेंसिंग का अविनियमन D). प्रमुख उद्योगों का पूर्ण निजीकरण

Correct Answer: A

**Q.9** निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में राजकोषीय नीति का एक घटक नहीं है?

Ans A). सरकारी व्यय (Government Expenditure) B). रेपो दर (Repo Rate) C). सरकारी प्राप्तियां (Government Receipts) D). सार्वजनिक ऋण (Public Debt)

Correct Answer: B

**Q.10** वाणिज्यिक बैंकों का मुख्य कार्य क्या है?

Ans A). मुद्रा जारी करना B). जमा स्वीकार करना एवं ऋण प्रदान करना C). कर संग्रह करना D). सरकारी बांड मुद्रित करना

Correct Answer: B

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक कर्तव्य, 42वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया?

Ans A). नियमित रूप से करों का भुगतान करना B). कानून के निर्देश पर ही पर्यावरण की रक्षा करना C). संविधान, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना D). चुनाव में मतदान करना

Correct Answer: B

**Q.12** भारतीय संविधान की किस अनुसूची द्वारा असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों को नियंत्रित किया जाता है?

Ans A). चौथी अनुसूची B). पांचवीं अनुसूची C). छठी अनुसूची D). तीसरी अनुसूची

Correct Answer: C

**Q.13** दिल्ली सल्तनत का संस्थापक कौन था?

Ans A). बलबन B). अलाउद्दीन खिलजी C). कुतुबुद्दीन ऐबक D). इल्तुतमिश

Correct Answer: C

**Q.14** 52वें संशोधन द्वारा सम्मिलित भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). दल-बदल विरोधी कानून B). आपातकालीन प्रावधान C). राज्यसभा में राज्यों का प्रतिनिधित्व D). राजस्व का वितरण

Correct Answer: A

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, सुधार आंदोलनों में स्वामी विवेकानंद के योगदान की सबसे अच्छी व्याख्या करता है?

Ans A). उन्होंने रामकृष्ण मिशन के माध्यम से आध्यात्मिक राष्ट्रवाद का प्रचार किया। B). वह केवल राजनीति में सक्रिय थे। C). उन्होंने अपना काम मंदिर सुधारों तक सीमित कर लिया। D). उन्होंने भारत में आधुनिक शिक्षा का विरोध किया।

Correct Answer: A

**Q.16** **जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में 2001 की तुलना में समग्र लिंग-अनुपात में गिरावट दर्ज हुई थी?**

Ans A). गुजरात B). केरल C). पंजाब D). हरियाणा

**Correct Answer: A**

**Q.17** **भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

Ans A). CAG के प्रशासनिक व्यय भारत की संचित निधि से लिए जाते हैं। B). CAG को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह हटाया जाता है। C). CAG सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी नौकरी कर सकता है। D). CAG की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

**Correct Answer: C**

**Q.18** **एक अपवाह द्रोणी को दूसरे अपवाह द्रोणी से अलग करने वाली परिसीमा रेखा को __________ कहा जाता है।**

Ans A). जलसंभर B). सहायक-विभाजन C). नदी बेसिन D). जलग्रहण क्षेत्र

**Correct Answer: A**

**Q.19** **दिल्ली में 1857 के विद्रोह का प्रतीकात्मक नेता किसे घोषित किया गया था?**

Ans A). बहादुर शाह द्वितीय B). नाना साहब C). तात्या टोपे D). रानी लक्ष्मीबाई

**Correct Answer: A**

**Q.20** **2025 की संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम रिपोर्ट के अनुसार, मानव विकास सूचकांक (HDI) में देशों के बीच भारत का स्थान कौन-सा है?**

Ans A). 134वां B). 130वां C). 125वां D). 127वां

**Correct Answer: B**

oliveboard